बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

12/02/2024

संचिका सं0 – 01/भू0अ0नि0(13)आरोप(बेगूसराय)–10/2023...744...पटना, दिनांक :–

आदेश

दिनांक 10.05.2023 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा बेगूसराय जिला के सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा की गयी है, जिसमें 06 विशेष सर्वेक्षण अमीनों यथा सुश्री प्रिया कुमारी सोनी (AEN04436), श्री विश्वजीत कुमार (AEN02125), श्री नवीन कुमार (AEN03053), सुश्री प्रिती कुमारी (AEN04442), श्री राकेश कुमार (AEN03189) एवं सुश्री अंशु मौर्या, (AEN00958) को आवंटित राजस्व ग्रामों के कार्यो में अभिरूचि नहीं लेने, लापरवाही एवं शिथिलता बरतने के फलस्वरूप निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा उपरोक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

संबंधित विशेष सर्वेक्षण अमीनों द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। इनसे प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 6200 दिनांक 07.08.2023 एवं स्मार पत्रांक 8960 दिनांक 21.11.2023 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय से मंतव्य सहित अनुशंसा की मांग की गयी। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 2424 दिनांक 01.12.2023 द्वारा मंतव्य प्रेषित किया गया है। बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा इन्हें एक अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

विशेष सर्वेक्षण अमीनों के विरूद्ध समीक्षात्मक प्रतिवेदन, इनसे प्राप्त स्पष्टीकरण एवं बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य/अनुशंसा की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य के आलोक में उपरोक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों को चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

(जय सिंह) 12/2/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)आरोप(बेगूसराय)–10/2023...744... **पटना, दिनांक** :–12/02/2024
प्रतिलिपि :– सभी संबंधित विशेष सर्वेक्षण अमीनों को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)आरोप(बेगूसराय)–10/2023...744... **पटना, दिनांक** :–12/02/2024
प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)आरोप(बेगूसराय)–10/2023...744... **पटना, दिनांक** :–12/02/2024
प्रतिलिपि :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एंव R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
12/2/24